समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# गौरव खन्ना की 'लॉकअप 2' मे एंट्री : तलाक की खबरों के बीच आमने-सामने आए कपल, पत्नी आकांक्षा हुईं भावुक

Sanket Morankar
Published on 09 Jul 2026



टीवी अभिनेता **गौरव खन्ना** और उनकी पत्नी **आकांक्षा चमोला** इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं। 'लॉकअप 2' में आकांक्षा द्वारा अलग रहने और तलाक की बात सामने आने के बाद अब शो में गौरव की एंट्री ने दर्शकों का ध्यान खींच लिया है।

शो के दौरान होस्ट ने घोषणा की कि घर में पहले गेस्ट की एंट्री होने वाली है। इसके बाद गौरव खन्ना ने दमदार अंदाज में शो में प्रवेश किया। उन्हें सामने देखकर आकांक्षा पहले मुस्कुराईं, लेकिन कुछ ही देर में भावुक हो गईं और उनकी आंखें नम हो गईं।

गौरव ने कहा- "तुमने तो मेरा बैंड ही बजा दिया"

शो में आकांक्षा से मिलते ही गौरव ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, "**तुमने तो मेरा बैडं ही बजा दिया।**" उनके इस संवाद के बाद दोनों के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चाएं तेज हो गईं।

आकांक्षा के खुलासों से मची थी हलचल

'लॉकअप 2' में आने के बाद आकांक्षा चमोला ने दावा किया था कि वह और गौरव पिछले एक साल से अलग रह रहे हैं और दोनों का तलाक होने वाला है। उन्होंने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक और खुलासा करते हुए खुद को **बायसेक्शुअल** भी बताया था। आकांक्षा ने कहा कि शादी से पहले उनके महिलाओं के साथ भी रिश्ते रहे हैं।

कभी टीवी इंडस्ट्री का चर्चित कपल

गौरव खन्ना और आकांक्षा चमोला की शादी वर्ष **2016** में हुई थी। दोनों को टीवी इंडस्ट्री के लोकप्रिय कपल्स में गिना जाता था और कई मौकों पर उनकी शानदार बॉन्डिंग देखने को मिली थी।

हालांकि, हाल के खुलासों के बाद दोनों के रिश्ते को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। 'लॉकअप 2' में हुई यह मुलाकात दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

> **नोट :** यह खबर रियलिटी शो में प्रतिभागियों द्वारा दिए गए बयानों और प्रसारित एपिसोड पर आधारित है। निजी संबंधों से जुड़े दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की गई है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.